भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4953**

01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाएं**

4953. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:
श्रीमती अपरूपा पोद्दारः
श्री कृष्णपालसिंह यादवः
श्री सुजय विखे पाटील:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः
श्री राजेन्द्र धेड्या गावितः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) कार्यक्रम के अंतर्गत और स्वास्थ्य कार्ड तथा बुनियादी चिकित्सा जांच सुविधा प्रदान करने के लिए कोई नई पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में आयुष के वर्गीकरण और ढांचागत मजबूती के लिए एनएएम के अंतर्गत केंद्र प्रायोजित योजना के विभिन्न घटकों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आयुष को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार पर्याप्त धनराशि का आवंटन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा संस्थानों को प्रायोजित किया गया है और एनएएम के अंतर्गत नए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना भी की गयी है/किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के विभिन्न घटकों के तहत, आयुष अस्पतालों और औषधालयों में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान हैं जिनमें जनता को बुनियादी चिकित्सा जांच सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक निदान शामिल किए जा सकते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी आवश्यकता प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। हालांकि, एनएएम के मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत स्वास्थ्य कार्ड के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

(ख) और (ग): भारत सरकार देश में आयुष के विकास और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम कार्यान्वित कर रही है। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रावधान करता है जिसमें आयुष की अवसंरचना का उन्नयन और सुदृढ़ीकरण शामिल है:

(i) आयुष्मान भारत के तहत आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र

(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना

(iii) मौजूदा एकल राजकीय आयुष अस्पतालों का उन्नयन

(iv) मौजूदा/नए एकल सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/स्थापना

(v) 50/30/10 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना

(vi) राज्य सरकार के स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास।

(vii) उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में आयुष को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित/जारी की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(घ) और (ड.): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के दायरे में आती है। हालांकि, एनएएम के तहत, उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना का प्रावधान है जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। एनएएम के तहत, आयुष मंत्रालय ने राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, नए आयुष शिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए मंजूरी दी है। राज्य-वार ब्यौरे **संलग्नक-II** पर दिए गए हैं।

*****

**संलग्नक-I**

**एनएएम के तहत, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित/जारी किए गए धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

**(लाख रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 317.886 | 365.418 | 251.808 | 296.061 | 1231.172 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1280.206 | 1900.594 | 385.402 | 0.000 | 3566.202 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 547.844 | 383.330 | 678.090 | 180.850 | 1790.114 |
| 4 | असम | 738.328 | 1601.322 | 347.150 | 0.000 | 2686.800 |
| 5 | बिहार | 0.000 | 2661.298 | 516.535 | 1686.077 | 4863.910 |
| 6 | चंडीगढ़ | 52.552 | 0.000 | 195.808 | 10.354 | 258.714 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1066.868 | 0.000 | 2691.066 | 234.480 | 3992.414 |
| 8 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 72.010 | 63.854 | 0.000 | 0.000 | 135.864 |
| 9 | दिल्ली | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 10 | गोवा | 146.898 | 118.651 | 65.988 | 218.988 | 550.525 |
| 11 | गुजरात | 1760.855 | 2229.691 | 244.011 | 0.000 | 4234.557 |
| 12 | हरियाणा | 1201.361 | 2299.475 | 3034.422 | 647.702 | 7182.960 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1907.010 | 2045.892 | 494.940 | 1261.800 | 5709.642 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1196.727 | 1848.539 | 2285.751 | 953.510 | 6284.527 |
| 15 | झारखंड | 0.000 | 1522.312 | 0.000 | 1309.765 | 2832.077 |
| 16 | कर्नाटक | 2688.312 | 1791.709 | 2184.371 | 1169.660 | 7834.052 |
| 17 | केरल | 2597.838 | 1540.535 | 2337.585 | 634.069 | 7110.027 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.000 | 426.878 | 19.605 | 39.156 | 485.639 |
| **19** | **मध्य प्रदेश** | **2829.126** | **4012.347** | **5608.633** | **2479.599** | **14929.705** |
| **20** | **महाराष्ट्र** | **0.000** | **4308.643** | **0.000** | **0.000** | **4308.643** |
| 21 | मणिपुर | 1231.226 | 907.075 | 571.720 | 170.040 | 2880.061 |
| 22 | मिजोरम | 722.739 | 199.510 | 657.720 | 259.080 | 1839.049 |
| 23 | मेघालय | 0.000 | 348.210 | 247.970 | 609.780 | 1205.960 |
| 24 | नागालैंड | 920.869 | 950.580 | 1254.890 | 232.270 | 3358.609 |
| 25 | ओडिशा | 1072.734 | 726.096 | 716.640 | 1075.380 | 3590.850 |
| 26 | पुदुचेरी | 445.520 | 238.416 | 47.667 | 123.968 | 855.571 |
| 27 | पंजाब | 37.451 | 1155.493 | 89.770 | 527.280 | 1809.994 |
| 28 | राजस्थान | 3022.174 | 1987.595 | 2276.400 | 3189.000 | 10475.169 |
| 29 | सिक्किम | 270.316 | 330.593 | 350.440 | 49.650 | 1000.999 |
| 30 | तमिलनाडु | 2326.305 | 1993.913 | 616.580 | 1631.454 | 6568.252 |
| 31 | तेलंगाना | 690.364 | 934.178 | 0.000 | 3132.252 | 4756.794 |
| 32 | त्रिपुरा | 668.670 | 0.000 | 270.080 | 138.710 | 1077.460 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 11854.151 | 7923.690 | 10373.858 | 7910.937 | 38062.636 |
| 34 | उत्तराखंड | 1690.281 | 825.340 | 656.458 | 2622.504 | 5794.583 |
| **35** | **पश्चिम बंगाल** | **2292.419** | **1849.740** | **247.346** | **2118.045** | **6507.550** |
| 36 | लद्दाख | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 187.454 | 187.454 |
| | **कुल** | **45649.040** | **49490.917** | **39718.703** | **35099.875** | **169958.535** |

**संलग्नक-II**

**2014-15 से अब तक एनएएम के तहत नए आयुष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए अनुमोदन की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | स्थान | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 320.00 |
| 2 | कर्नाटक | मैसूर | 855.38 |
| | | बिदादी होबली, रामनगर | 1050.00 |
| 3 | मणिपुर | केइराव, इंफाल पूर्वी जिला | 460.43 |
| 4 | सिक्किम | देवराली, गंगटोक | 708.66 |
| 5 | हरियाणा | अकेरा, नूंह जिला | 800.00 |
| | | ग्राम मंगलई, अंबाला जिला | 700.00 |
| 6 | पश्चिम बंगाल | बेलूर स्टेट जनरल हॉस्पिटल, हावड़ा | 1000.00 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | अखनूर | 255.85 |